सुविचार

जीवन में शांति चाहते हैं तो दूसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 52 | पंचकूला। रविवार, 29 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

**नई दिल्ली।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।

### रेलवे स्टेशनों पर भीड़ से निपटने के लिए एआई कैमरे और वॉर रूम

**नई दिल्ली, 28 मार्च।** भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए कई नए कदम उठाए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और बेहतर निगरानी जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि 76 चिन्हित स्टेशनों पर स्थायी यात्री होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे ताकि प्लेटफॉर्म पर भीड़ कम की जा सके। इन क्षेत्रों में बैठने की सुविधा, पीने का पानी, शौचालय, टिकट काउंटर, सूचना बोर्ड और सुरक्षा जांच जैसी सुविधाएं होंगी, ताकि पीक समय में भीड़ को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ऐसा होल्डिंग एरिया पहले ही शुरू किया जा चुका है, जहां अतिरिक्त टिकट काउंटर, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे आरओ पानी और अलग-अलग शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### अयोध्या में मंत्री दयाशंकर के यज्ञ स्थल में लगी आग

**अयोध्या।** अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी। करीब डे? घंटे पहले ही मंत्री का 9 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्ण हुआ था। उस वक्त करीब 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यज्ञ स्थल, राम मंदिर से 800 मीटर दूर है।

## 150 करोड़ बैंक घोटाला : करनाल तक पहुंची जांच

# वीआईपी नंबर की एक्सयूवी छोड़ महिला अधिकारी फरार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंचकूला नगर निगम में हुए लगभग 150 करोड़ के बैंक घोटाले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। वहीं अब इसकी जांच करनाल तक पहुंच गई है। चंडीगढ़ पुलिस ने चौधरी कॉलोनी, करनाल में एक महिला अधिकारी की तलाश में छापेमारी की। बताया जा रहा है कि महिला अधिकारी अपनी चंडीगढ़ नंबर की वीआईपी एक्सयूवी-500 गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर फरार हो गई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की कड़ियां जोड़ रही है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामले में रजत डागर को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि नगर निगम के फंड में हेराफेरी कर करीब ?70 करोड़ उसके खाते में ट्रांसफर किए गए, जिन्हें बाद में कई बिल्डरों और निजी खातों में भेजा गया। अदालत ने रजत डागर को 6 दिन के रिमांड पर भेजा है, जबकि जांच एजेंसी ने 10 दिन की मांग की थी।

इससे पहले कोटक महिंद्रा बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप कुमार राघव को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट ने उसे 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। जांच में उत्तर प्रदेश कनेक्शन और नकली स्टांप के इस्तेमाल की आशंका भी सामने आई है। जांच में नगर निगम और बैंक रिकॉर्ड में भारी अंतर मिला। निगम के अनुसार 145.03 करोड़ रुपए की 16 एफडी थीं, जिनकी मैच्योरिटी राशि 158.02 करोड़ रुपए थी। इनमें से 11 एफडी 16 फरवरी 2026 को मैच्योर हुईं, जिनकी कुल राशि 59.58 करोड़ रुपए थी।

लेकिन 13 मार्च को अपेक्षित ?50.07 करोड़ की जगह खाते में केवल ?2.18 करोड़ मिले। 18 मार्च तक कुल शेष राशि ?12.86 करोड़ बताई गई, जबकि बैंक ने कोई एफडी चालू न होने की जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने बैंक के चार खातों के लेन-देन की जांच की है। घोटाले में दो लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की बात सामने आई है, जिनमें से एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है, जबकि दूसरा संदिग्ध अभी जांच में शामिल नहीं हुआ है। पुलिस महिला अधिकारी समेत अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द और खुलासे होने की संभावना है।

## ईरान पर इजराइल ने 50 फाइटर जेट से की एयरस्ट्राइक, एटमी ठिकानों को निशाना बनाया



*इजराइल ने ईरान के खोंडाब हेवी वाटर न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स पर शुक्रवार रात हमला किया।*

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है।

वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने दुबई में एक ठिकाने पर हमला किया, जहां यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम मौजूद था। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इस ठिकाने का इस्तेमाल अमेरिकी सेना की मदद के लिए किया जा रहा था। ईरान की इमरजेंसी कमांड की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि हमले के समय वहां 21 यूक्रेनी नागरिक मौजूद थे और इस ऑपरेशन में पूरे कैंपस को तबाह कर दिया गया।

# जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम ने जनता से कराया, कहा- ये आपकी ही अमानत है

## विकसित यूपी-विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 28 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह उद्घाटन वे नहीं कर रहे हैं, बल्कि कार्यक्रम में उपस्थित जनता कर रही है। यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को उड़ान देने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद जनता से मोबाइल फोन की फ्लैस लाइट जाने का अनुरोध करते हुए कहा, मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है। मैं चाहता हूं कि इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग करें। इसलिए आप अपने मोबाइल फोन निकालकर फ्लैस लाइट जलाएं और इसका उद्घाटन करें।

इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित समर्थकों ने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाई। प्रधानमंत्री ने जनता से कहा, आप इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहे हैं। ये आपकी (जनता) की अमानत है। ये आपका भविष्य है और आपका पुरूषार्थ है। इसलिए उद्घाटन भी आपके हाथों से हो



रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज हम विकसित यूपी-विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। देश का सबसे बड़ा प्रदेश देश के सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाले रायों में से एक हो गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं, जिनमें एक यह कि एयरपोर्ट के शिलान्यास करने का अवसर मुझे मिला था और उद्घाटन का सौभाग्य भी मिला है। मैंने इस सौभाग्य को आपके साथ बांट दिया है। दूसरा यह कि जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ भव्य एयरपोर्ट का भी नाम जुड़ गया है।

उन्होंने कहा कि नोएडा के इस एयरपोर्ट से आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर और फरीदाबाद जैसे शहरों को बड़ा लाभ होने वाला है। यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और यहां के नौजवानों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे, साथ ही यह विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को इस एयरपोर्ट के लिए बधाई देता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत के नए मिजाज का प्रतीक है। आप सभी देख रहे हैं कि आज पूरा विश्व कितना चिंतित है।

### 11,200 करोड़ रुपए की लागत से बने एयरपोर्ट से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली/नोएडा, 28 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण (फेज-1) का उद्घाटन कर दिया है। इस एयरपोर्ट के शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यात्रा करना आसान हो जाएगा, साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। करीब 11,200 करोड़ रुपए की लागत से बने इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) द्वारा विकसित और संचालित किया जा रहा है, जो ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। इस प्रोजेक्ट में केंद्र और राज्य सरकार की भी भागीदारी है।

## सुपरवाइजर और एएसआई को उच्च स्तर की सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 28 मार्च।** नगर निगम पंचकूला द्वारा आज आयुक्त विनय कुमार के निर्देशानुसार सभी सुपरवाइजरों एवं एएसआई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी निरीक्षण एवं स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने वॉर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी सेक्टरों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। नगर निगम आयुक्त श्री विनय कुमार द्वारा प्रस्तावित निरीक्षण को ध्यान में रखते



हुए प्रत्येक सेक्टर में सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से दुरुस्त रखी जाए।

सभी सुपरवाइजरों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया तथा यह निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के लिए बीट-वाइज रोस्टर (रूट चार्ट) तैयार करें। यदि किसी गली की प्रतिदिन सफाई संभव न हो, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि अगले दिन उस गली की सफाई अनिवार्य रूप से हो। इस रोस्टर की जानकारी संबंधित आरडब्ल्यूए एवं सेक्टर निवासियों को भी दी जाए। एएसआई अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे सभी सफाई कर्मचारियों को निर्धारित वर्दी में रखें। जिन कर्मचारियों को फ्लोरोसेंट जैकेट की आवश्यकता हो, उन्हें स्टोर से उपलब्ध करवाई जाए, ताकि निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी पूर्ण वर्दी में उपस्थित रहें और किसी प्रकार की कमी न रहे। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी जीवीपी (गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स) को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए तथा जहां ऐसे बिंदु पहले से बंद किए जा चुके हैं, उनका प्रतिदिन निरीक्षण कर पुनः कचरा एकत्रित न होने दिया जाए। खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

## महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के स्कूल के बच्चों ने छतबीड़ जू का किया भ्रमण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के स्कूल के बच्चों का छत्तबीर जू का एक शानदार ट्रिप आयोजित किया गया, जिसे वेलफेयर ट्रस्ट के यूथ विंग के सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया था। इस ट्रिप का फ्लैग ऑफ महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान श्री जगमोहन गर्ग जी, श्री एल. एन. माहेश्वरी जी, श्री मते राम गोयल जी, व अन्य सदस्यों और गुड मॉर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया।



इस अवसर पर वेलफेयर ट्रस्ट यूथ विंग के प्रधान श्री पुनीत बंसल, जनरल सेक्रेटरी घनश्याम दास गर्ग, फाइनेंस सेक्रेटरी सज्जग बंसल, vice president विनय बंसल, joint secretary अंकित बंसल , संदीप बंसल, कुनाल बंसल, लक्षित बंसल, मयंक सिंगला, उमेश मित्तल और भी उपस्थित थे। इस ट्रिप में 300 से अधिक बच्चे अपने स्कूल से छत्तबीर जू गए, जहां उन्हें नाश्ता, लंच और स्नैक्स भी प्रदान किए गए, और सभी बच्चों ने इस ट्रिप का भरपूर आनंद लिया। यह महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट यूथ विंग द्वारा आयोजित कई प्रेरक कार्यक्रमों में से एक है, जो बच्चों को नई चीज़ें सीखने और खुद को एक्सप्लोर करने का एक बेहतरीन मौका देता है।

## चंडीगढ़ में नशा तस्कर के आरोपी को 10 साल की कठोर कैद और एक लाख रुपए जुर्माना



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 28 मार्च।** चंडीगढ़ में नशा तस्करी के एक मामले में स्पेशल कोर्ट ने सख्त फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 साल की कठोर कैद और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार समाज, खासकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि दूसरों को भी सबक मिल सके।

### परिवार का हवाला देकर मांगी नरमी

सजा सुनाए जाने के दौरान आरोपी ने अदालत से नरमी की मांग करते हुए कहा कि वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला है तथा उस पर पत्नी, तीन छोटे बच्चों और बीमार मां की जिम्मेदारी है। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि नशा तस्करी जैसे गंभीर अपराध में नरमी बरतना उचित नहीं है। अदालत ने आदेश दिया कि आरोपी 1 लाख रुपये जुर्माना अदा करे, अन्यथा उसे 8 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही, ट्रायल के दौरान जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

स्पेशल कोर्ट की जज हरगुरजीत कौर ने मनीमाजरा निवासी आरोपी अजय को दोषी करार दिया। अदालत ने 24 मार्च 2026 को फैसला सुनाया, जबकि 25 मार्च को सजा का विस्तृत आदेश जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार यह मामला 4 मार्च 2020 का है, जब मनीमाजरा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बुप्रेनॉर्फिन के 11 इंजेक्शन बरामद हुए। लैब रिपोर्ट में इनका कुल वजन 22.26 ग्राम पाया गया, जो व्यावसायिक मात्रा की श्रेणी में आता है। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

चुनाव

### कभी पैर तुड़वाती, कभी सिर पर पट्टी बंधवाती

# ममता चुनाव में हमेशा विक्टिम कार्ड खेलती हैं : अमित शाह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कोलकाता।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया। शाह ने कहा, 'इसमें TMC सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल में अराजकता और बदहाली है। यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।'

उन्होंने कहा, 'ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन बंगाल के लोग अब ममता दीदी की विक्टिम कार्ड पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ गए हैं।' मार्च 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ममता के सिर में चोट में लगी थी, जबकि 2021 में विधानसभा चुनाव के पहले उनके पैर में चोट लगी थी। उधर, TMC ने भी भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया।



अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल ही एक ऐसा राज्य है, जहां से घुसपैठिए देश में प्रवेश कर रहे हैं और अशांति फैला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ÷टीएमसी सरकार सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन इसलिए नहीं दे रही है क्योंकि वह घुसपैठियों का वोट-बैंक बनाना चाहती है।

### ज्यादातर सीमावर्ती राज्यों भाजपा सरकार : टीएमसी

वहीं, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, 15 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिन ज़्यादातर सीमावर्ती राज्यों से घुसपैठ होती है, वहां भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और खुद अमित शाह देश के गृह मंत्री हैं तो आखिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं? ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस आगे कहा कि उनका गृह मंत्रालय अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने में पूरी तरह क्यों नाकाम रहा है? और भाजपा नियंत्रित वेनिस कमीशन विदेशी नागरिकों के नाम, जो मतदाता सूची में पाए गए हैं, अब तक जारी करने में विफल क्यों रहा है? क्योंकि भारतीय जनता पार्टी अवैध घुसपैठ से सबसे ज्यादा फायदा उठाती है। वे बंगाली और बांग्लादेशी के बीच की रेखा को धुंधला करना चाहते हैं, ताकि वे अपने नफ़रत भरे असम-स्टाइल डिटेंशन कैंप मॉडल को पश्चिम बंगाल में इम्पोर्ट कर सकें।

# पंजाब में निवेश की रफ्तार जारी, अमृतसर के लिए 400 करोड़ रुपये के ट्राइडेंट होटल प्रोजेक्ट की घोषणा: संजीव अरोड़ा

■ स्वर्ण मंदिर के पास 150 कमरों वाला प्रीमियम आतिथ्य प्रोजेक्ट, लगभग 350 नौकरियां पैदा करेगा; पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बड़ा बढ़ावा: संजीव अरोड़ा



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 28 मार्च।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज यहां बताया कि ओबेरॉय ग्रुप और स्प्रिंगएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अमृतसर में एक विश्वस्तरीय आतिथ्य परियोजना के विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पंजाब के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन देगा। इस समझौते पर दोनों पक्षों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जिनमें ओबेरॉय ग्रुप के कॉर्पोरेट और कानूनी मामलों के अध्यक्ष श्री आर. शंकर तथा स्प्रिंगएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. शाहबाज सिंह, डॉ. अवतार सिंह और डॉ. अमनदीप कौर शामिल थे। इस अवसर पर प्रशासनिक सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, पंजाब स गुरकिरत किरपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि यह 150 कमरों वाला आगामी प्रोजेक्ट ओबेरॉय ग्रुप के ट्राइडेंट ब्रांड के तहत विकसित किया जाएगा और अमृतसर-तरणतारण रोड पर श्री हरिमंदिर साहिब से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा। लगभग 3 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट में करीब 400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे अमृतसर के प्रीमियम आतिथ्य बुनियादी ढांचे को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने आगे कहा कि इस परियोजना से लगभग 350 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। अधिक जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह आतिथ्य परियोजना ओबेरॉय ग्रुप और स्प्रिंगएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से विकसित की जाएगी, जिसमें ओबेरॉय ग्रुप की वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त लक्जरी आतिथ्य विशेषज्ञता और स्प्रिंगएज की मजबूत स्थानीय उपस्थिति का समावेश होगा।

उल्लेखनीय है कि ट्राइडेंट ब्रांड के तहत पंजाब में यह पहला होटल होगा। वर्तमान में देशभर में ट्राइडेंट ब्रांड के अंतर्गत 9 होटल संचालित हो रहे हैं। वहीं, ओबेरॉय ग्रुप के भारत में कुल 32 होटल संचालित हैं और 10 अन्य निर्माणाधीन हैं। पंजाब में यह समूह पहले से ही न्यू चंडीगढ़ में ओबेरॉय सुखविलास स्पा रिजॉर्ट का संचालन कर रहा है।

इस संदर्भ में अमृतसर प्रोजेक्ट विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसे ट्राइडेंट ब्रांड के तहत पंजाब में इस स्तर का पहला ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इस परियोजना पर काम जुलाई 2026 में शुरू होने की संभावना है और इसे मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पंजाब सरकार ने इन्वेस्ट पंजाब के माध्यम से इस सहयोग को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्वेस्ट पंजाब पिछले डेढ़ वर्ष से दोनों पक्षों के साथ समन्वय बनाकर उन्हें एक मंच पर लाने में सक्रिय रहा है, जो राज्य सरकार की उच्च-मूल्य निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उद्योग क्षेत्र में पंजाब की बढ़ती प्रगति को रेखांकित करते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि राज्य ने वर्ष 2025-26 में 59,448 करोड़ रुपये के निवेश आकर्षित किए हैं, जो राज्य के इतिहास में सर्वाधिक है, जिससे लगभग 1,33,221 रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, 1 अप्रैल 2022 से अब तक पंजाब ने 1,59,947 करोड़ रुपये के निवेश आकर्षित किए हैं, जिनसे लगभग 5,57,664 रोजगार सृजन की संभावना है। यह साझेदारी पंजाब को उच्च स्तरीय पर्यटन, आतिथ्य और निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो पवित्र शहर अमृतसर की वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत करेगा। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब न केवल उद्योग बल्कि प्रीमियम पर्यटन और आतिथ्य निवेश के लिए भी तेजी से उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट पंजाब के सक्रिय सहयोग से ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट धरातल पर उतर रहे हैं और राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

# पीएम मोदी के लिए आगे बढ़ने और वास्तव में 'युद्ध रोकने' की जिम्मेदारी लेने का समय आ गया है: मान

■ कहा–प्रधानमंत्री मोदी के कथित 'मजबूत वैश्विक संबंधों' का उपयोग अब 140 करोड़ भारतीयों के हितों की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए



### केंद्र को सप्लाई चेन को स्थिर करने, निर्बाध ईंधन उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाने चाहिए

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि हम विश्वगुरु बनने की बात करते हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां यह संकेत दे रही हैं कि हम 'विश्व चेला' बनते जा रहे हैं। यह भारत के लिए अपनी वैश्विक स्थिति को ठोस कार्रवाई में बदलने का समय है, जिससे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तत्काल समन्वित हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार को सप्लाई चेन को स्थिर करने, निर्बाध ईंधन उपलब्धता सुनिश्चित करने और देश को वैश्विक अस्थिरता के प्रभाव से बचाने के लिए तेजी से कदम उठाने चाहिए।

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़; 28 मार्च।** खाड़ी देशों में बढ़ते वैश्विक तनाव और प्रमुख समुद्री मार्गों में रुकावट के कारण बाजारों में उत्पन्न हो रही अस्थिरता के मद्देनज़र पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार से निर्णायक कदम उठाने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जिम्मेदारी उठाने और देश की आर्थिक तथा ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा के लिए भारत के वैश्विक संबंधों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्वगुरु बनने की बात करते हैं, लेकिन यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो मौजूदा परिस्थितियां देश को 'विश्व चेला' बनाने का खतरा पैदा कर सकती हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्रियों के साथ बुलाई गई वर्चुअल बैठक का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध जैसी स्थिति ने दुनिया भर में चिंता पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान वैश्विक व्यापार और सप्लाई चेन के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहा है। बैठक के दौरान प्रत्येक राज्य ने अपनी चिंताओं को विस्तार से रखा। उन्होंने आगे कहा कि जहां कुछ राज्य खनन या तटीय व्यापार पर निर्भर हैं, वहीं पंजाब की अर्थव्यवस्था कृषि, उद्योग और इसकी सीमावर्ती स्थिति से गहराई से जुड़ी हुई है।

स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यही वह समय है जब प्रधानमंत्री को आगे आकर युद्ध रोकने में जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विभिन्न देशों के साथ मजबूत संबंधों का उपयोग अब 140 करोड़ भारतीयों के हित में किया जाना चाहिए।

पंजाब की चिंताओं, विशेष रूप से मौजूदा गेहूं खरीद सीजन से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही मंडियों में गेहूं की आवक शुरू होगी, केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंजाब में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी न हो। ईंधन आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा का सीधा असर किसानों, परिवहन और खरीद कार्यों पर पड़ेगा।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा होगी: सीएम

■ भगवंत मान सरकार 'बेअदबी' पर सख्त कानून बनाएगी, बैसाखी के अवसर पर विधानसभा का विशेष सत्र

■ अपने कार्यकाल के दौरान 'बेअदबी' और हत्याओं की घटनाओं के बाद बादलों ने आंखें मूंद ली थीं, उनके बड़े-बड़े दावों की पोल खुल गई

### बेअदबी करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सज़ा का सामना करना पड़ेगा

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि बेअदबी करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सज़ा का सामना करना पड़ेगा, जिसके लिए न्यूनतम 10 साल और अधिकतम उम्रकैद तक की सज़ा का प्रावधान किया जाएगा। इससे कोई भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अनादर करने की हिम्मत नहीं करेगा। हम संत समाज से भी सलाह-मशविरा कर रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो सिर्फ हम ही कर सकते हैं और कर रहे हैं, क्योंकि लोगों को अब किसी और सरकार से कोई उम्मीद नहीं रखते।

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फतेहगढ़ साहिब, 28 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां पिछली 'बेअदबी' की घटनाओं को लेकर सुखबीर सिंह बादल और शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कानूनों को सख्त बनाकर और कड़ी सज़ाएं लागू करके इस संबंध में न्याय सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है।

फतेहगढ़ साहिब में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल बड़े-बड़े दावे करते हैं कि सब कुछ उन्हीं का बनाया हुआ है, लेकिन वे कोटकपूरा, बहिबल कलां और अन्य स्थानों पर आंखें मूंद लेते हैं, जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी हुई थी और निर्दोष लोगों की जान गई थी, जो सब कुछ अकालियों के कार्यकाल के दौरान हुआ।

उन्होंने आगे कहा कि अकाली शायद इन 'बेअदबी' की घटनाओं को भूल गए हैं और मानते हैं कि लोग भी सब कुछ भूल जाएंगे, लेकिन लोग कुछ भी भूलने वाले नहीं हैं कि इन घटनाओं में उनका ही परिवार शामिल था। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हम सब कुछ ठीक करेंगे और इस संबंध में कानून को सख्त बनाने के लिए हम उच्च स्तरीय कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं। बैसाखी के मौके पर हम जगत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट, 2008 में संशोधन करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुला रहे हैं।

# एस.आर.कलेर ने सरपंच गोपाल सिंह पाली को 1 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा



पंचकूला ऑब्जर्वर

**जगरांव, 28 मार्च।** शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एस.आर. कलेर ने क्क के सपोर्टर सरपंच को लीगल नोटिस भेजा है, जिन्होंने उन पर रैली के दौरान गुरुद्वारे से लंगर लाने का आरोप लगाया था। गौरतलब है कि यह रैली शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एस.आर. कलेर की लीडरशिप में पार्टी ने ऑर्गनाइज़ की थी, जिसके बाद आप के सपोर्टर सरपंच गोपाल सिंह पाली डल्ला ने एस-आर-कलेर पर रैली में परोसे जाने वाले लंगर को गुरुद्वारे से लाने का आरोप लगाया था।

इन आरोपों का जवाब देते हुए शिरोमणि अकाली दल ने सरपंच डल्ला को सबूत पेश करने या माफी मांगने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन 24 घंटे की चुप्पी के बाद सरपंच ने एक्शन लिया और एस.आर. श्री क्लेर ने आरोप लगाने वाले गोपाल सिंह पाली डल्ला को मानहानि का कानूनी नोटिस जारी किया है। एडवोकेट संदीप गुप्ता ने 1 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस जारी किया है। श्री क्लेर ने कहा कि वह पूर्व विधायक हैं और उन्होंने विधायक के तौर पर जगराओं हलके के लोगों की सेवा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह लगातार शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और पार्टी ने अगले चुनाव के लिए उनके उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी है। उन्होंने कहा कि विधायक होने के नाते समाज में उनकी अच्छी पकड़ है और इस मनगढ़ंत अफवाह से उनकी पकड़ को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने यह भी कहा कि गोपाल सिंह ने जानबूझ कर यह जाल बुना है और भविष्य में उनके साफ चरित्र को खराब करने और उनके राजनीतिक करियर को कमजोर करने में नकारात्मक भूमिका निभाई है, जिससे विपक्ष को फायदा हो रहा है।

# राजपुरा में कैबिनेट मंत्री ने श्रीमती बेक्टरस फूड स्पेशलिटीज की अत्याधुनिक सुविधा का किया दौरा

■ औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई



पंचकूला ऑब्जर्वर

**राजपुरा, 28 मार्च।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय सरकारों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज राजपुरा में श्रीमती बेक्टरस फूड स्पेशलिटीज लिमिटेड की अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

वर्ष 2018 में स्थापित और 32 एकड़ में फैली राजपुरा इकाई की मासिक उत्पादन क्षमता लगभग 6,200 टन है। इस इकाई में 2,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और 350 से अधिक महिलाओं को रोजगार सहित आजीविका के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किए गए हैं। कंपनी अपने महिला कर्मचारियों के लिए एक समर्पित हॉस्टल बनाने की योजना भी बना रही है, जिससे औद्योगिक विकास को और बढ़ावा मिलेगा। भारत के फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी श्रीमती बेक्टरस फूड स्पेशलिटीज लिमिटेड ने वर्ष 2026 में लगभग 2,100 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की। कंपनी देशभर में अपने 9 संयंत्रों में बिस्कुट, ब्रेड, बेकरी उत्पाद और फ्रोजन फूड सहित विभिन्न उत्पादों का निर्माण करती है। उन्नत विनिर्माण सुविधाओं में लगभग 1,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कंपनी 70 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करती है और 900 से अधिक वितरकों के नेटवर्क के माध्यम से 5.5 लाख से अधिक रिटेल आउटलेट्स तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। वर्तमान में यह कंपनी पंजाब में दूसरा सबसे बड़ा बिस्कुट निर्माता है, जिसका बाजार में 14 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। दौरे के दौरान मंत्री संजीव अरोड़ा ने विभिन्न विशेष विनिर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया और उच्च स्तरीय कारीगरी, ऑटोमेशन तथा गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन की सराहना की।

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप बेक्टर ने पंजाब के औद्योगिक वातावरण में पूरा विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कंपनी के निरंतर निवेश से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच और बढ़ेगी तथा उत्पाद पोर्टफोलियो को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने मंत्री संजीव अरोड़ा की नेतृत्व क्षमता और कार्यशैली की भी प्रशंसा की तथा पंजाब के औद्योगिक सुधारों में उनके प्रयासों को सराहा। उन्होंने राज्य सरकार की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल राजस्व सृजन और पंजाब को देश में औद्योगिक विकास के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सरकार के दृष्टिकोण को दोहराते हुए मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब औद्योगिक विकास और नए निवेश आकर्षित करने के लिए व्यवसाय-अनुकूल वातावरण, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और नीतिगत समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# होशियारपुर में आईटीबीपी के सेवानिवृत्त अधिकारी से 17.52 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**होशियारपुर, 28 मार्च।** पंजाब पुलिस ने राज्य के होशियारपुर जिले में एक सेवानिवृत्त भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) अधिकारी के बैंक खातों से कथित तौर पर 17.52 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की रिपोर्ट मिलने के बाद मामला दर्ज किया है।

साइबर अपराध पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि के भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता करनैल सिंह (73), जो टांडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव के निवासी हैं। वह भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) से डीएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं तथा अब कृषि कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जलालपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में उनका अपनी पत्नी के साथ एक संयुक्त खाता है और उसी बैंक में उनका एक और खाता भी है।

उसने पुलिस को बताया कि जब वह 21 फरवरी, 2025 को अपने पुत्र के साथ पैसे ट्रांसफर करने के लिए बैंक गया, तो उसने पाया कि उसके खातों से कथित तौर पर एक बड़ी रकम गायब थी। पुलिस ने बताया कि संयुक्त खाते से ऑनलाइन लेन-देन के माध्यम से कथित तौर पर 11,26,510 रुपये निकाले गये, जिससे खाते में केवल 167 रुपये ही बचे। इसके अतिरिक्त, दूसरे खाते से कथित तौर पर 6,26,500 रुपये की हेराफेरी की गयी। पुलिस ने बताया कि कुल मिलाकर दो जनवरी, 2025 को कई ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से कथित तौर पर 17,52,010 रुपये निकाले गये। अधिकारियों ने बताया कि मामले की आगे जांच चल रही है और आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# गैंगस्टरों ते वार का 67वां दिन: पंजाब पुलिस ने 526 स्थानों पर की छापेमारी; 214 गिरफ्तार

■ पुलिस टीमों ने 64 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, 103 को पूछताछ के बाद रिहा किया गया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 28 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 67वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के पहचाने गए और मैप किए गए 526 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने की एक निर्णायक मुहिम है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं।

67वें दिन पुलिस टीमों ने 214 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 17,482 हो गई है।

इसके अलावा 64 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 103 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 2 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 392वें दिन भी कार्रवाई जारी रखते हुए 90 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 488 ग्राम हेरोइन, 173 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 2340 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ ही केवल 392 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 55,877 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 12 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल में क्रांति लाने हेतु एनएचएम पंजाब और जेएचपीआईईजीओ के बीच साझेदारी

■ उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग हेतु डिजिटल स्वास्थ्य और एआई का एकीकरण: डॉ. बलबीर सिंह




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 28 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच के अनुरूप पंजाब में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को और ऊंचा उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) पंजाब ने अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था जेएचपीआईईजीओ के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के तहत एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करेगा।

यह समझौता पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह की उपस्थिति में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमार राहुल तथा जेएचपीआईईजीओ के कंट्री डायरेक्टर डॉ. अमित अरुण शाह द्वारा हस्ताक्षरित किया गया।

इस समझौते बाबत जानकारी देते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह साझेदारी प्रजनन, मातृ, नवजात, शिशु और किशोर स्वास्थ्य तथा पोषण (आरएमएनसीएचए+एन) सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार नवाचार-आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और राज्य को डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल में तकनीकी सहायता को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत डिजिटल और डेटा-आधारित तकनीकों के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी प्रबंधन किया जाएगा। इससे गर्भावस्था के दौरान (एंटीनैटल), प्रसव के समय (इंट्रानेटल) तथा प्रसव के बाद (पोस्टनैटल) देखभाल को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने तकनीकी पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि इस पहल के तहत लाभार्थी ट्रैकिंग प्रणालियों, आईओटी सक्षम उपकरणों तथा लेबर रूम मॉनिटरिंग सिस्टम का एकीकरण किया जाएगा। इससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की रियल-टाइम निगरानी संभव हो सकेगी, जिससे उच्च जोखिम वाले मामलों की प्रारंभिक चरण में ही पहचान कर समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इस सहयोग के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की क्षमता निर्माण, सघन निगरानी, सहायक पर्यवेक्षण तथा नीति स्तर पर तकनीकी सहयोग को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

ये सभी प्रयास मिलकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाने में सहायक सिद्ध होंगे और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एनएचएम पंजाब की टीम तथा अन्य राज्य स्तरीय भागीदार भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एक्साइज ड्यूटी में कटौती से महंगाई पर अंकुश लगने के साथ तेल कंपनियों पर कम होगा घाटे का दबाव : धूपड़

**भिवानी.** दुनिया भर में कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों के बीच केंद्र की मोदी सरकार ने आम जनता को महंगाई से बचाने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में बड़ी कटौती की घोषणा की है। इस फैसले के तहत पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 से घटाकर मात्र 3 प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर लगने वाली 10 की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। पिछले एक महीने में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 प्रति बैरल से उछलकर 122 प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के अधिकांश हिस्सों में ईंधन की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। ऐसे संकटपूर्ण समय में जहां विकसित देश भी बढ़ती कीमतों का बोझ जनता पर डाल रहे हैं, भारत सरकार ने अपने कर राजस्व का बलिदान देकर नागरिकों को राहत देने का रास्ता चुना है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेश प्रवक्ता शंकर धूपड़ ने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंत्योदय और जन-कल्याण की सोच को दर्शाता है। धूपड़ ने कहा कि जब पूरी दुनिया ईंधन की कीमतों में लगी आग से झुलस रही है, तब मोदी सरकार ने एक ढाल बनकर आम आदमी की रक्षा की है। सरकार के पास दो रास्ते थे या तो चुपचाप हाथ पर हाथ धरे बैठे रहकर जनता पर बोझ पडने़ दिया जाए, या फिर खुद वित्तीय घाटा सहकर नागरिकों को सुरक्षित रखा जाए। हमारे नेतृत्व ने स्पष्ट रूप से जनहित को चुना है। यही फर्क है निर्णायक नेतृत्व और सिर्फ बयानबाजी करने वालो में। जब कुछ लोग शोर और भ्रम फैलाने में लगे हैं तब सरकार जमीन पर समाधान लागू कर रही है।यही है नया भारत जहाँ संकट में जनता का साथ नहीं छूटता। धूपड़ ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाने के साथ-साथ डीजल पर 21.5 और एटीएफ (हवाई ईंधन) पर 29.5 प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाना एक मास्टरस्ट्रोक है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि देश का संसाधन पहले देश के नागरिकों के काम आए और कोई भी अंतरराष्ट्रीय कीमतों के उतार-चढ़ाव का अनुचित लाभ न उठा सके। धूपड़ ने कहा कि सरकार के इस कदम से न केवल महंगाई पर लगाम लगेगी, बल्कि तेल कंपनियों पर पडने़ वाला घाटे का दबाव भी कम होगा। वही निर्यात शुल्क लगाने से घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहेगी, जिससे आने वाले समय में किल्लत जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी।

### श्रीराम जी के सिद्धांतों पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव संभव : बतरा

**यमुनानगर.** यमुनानगर के बहादुरपुर में आयोजित प्राचीन यमुना मंदिर सुधार समिति के तत्वावधान में दिव्य रासलीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी श्याम सुंदर बत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। महोत्सव के दौरान रासलीला की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का जीवंत मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजनों एवं लीलाओं में भावविभोर नजर आए। इस अवसर पर श्याम सुंदर बत्रा ने सभी जिला वासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है और उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने की अपील भी की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों और स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा। बतरा ने कहा कि महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती देने का माध्यम साबित हुआ। इस मौके पर परवीन बटार, संजय काल्स,परवीन सरपंच,सतीश चौहान,राकेश, कंवरपाल,अमर कुमार, सुमेरचन्द वालिया, विक्रम राठी,अभी वालिया,अनिल कुमार आदि मौजद रहे।

### उकलाना में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा

**उकलाना मंडी.** सांसद कुमारी सेलजा दिल्ली के निवास पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा मंच के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र सेलवाल ने मुलाकात की। डॉ. सेलवाल ने उकलाना निवासियों द्वारा अंडर पास को लेकर दिए जा रहे धरने की विस्तृत जानकारी दी और चर्चा करते हुए उकलाना में अंडरपास बनवाने की आवाज बुलन्द करने के लिए सांसद कुमारी सैलजा जी का आभार प्रकट किया। वही इसे और गंभीरता से लिए जाने का अनुरोध भी किया। डॉ.सुरेन्द्र सेलवाल ने उकलाना नरवाना टोहाना क्षेत्र के विकास के लिए इस क्षेत्र को जिला बनाने के लिए भी चर्चा की ओर क्षेत्र वासियों की मांग की वजह को समझ पर विचार विमर्श किया वहीं डॉ.सेलवाल सुरेवाला चौक पर एक मेडिकल कॉलेज बनाने की जरूरत पर भी बल दिया गया। सांसद कुमारी सैलजा ने सभी विषयों को जनहित में गंभीरता से कार्य करने के लिए आश्वत किया और जनहित के विषयों पर गम्भीरता दिखाने के लिए आशीर्वाद भी दिया।डॉ. सुरेन्द्र सेलवाल ने उकलाना निवासियों की सुविधा के लिए एक्सप्रेस ट्रैनों का ठहराव करवाने के लिए एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें अजमेर - अमृतसर, भावनगर से हरिद्वार, विवेक एक्सप्रेस बांद्रा से जम्मू तवी का ठहराव करवाने की अपील की गई। उनके साथ इस अवसर पर मखनलाल झोदकन व मनोज कुमार भी रहे और कुमारी सैलजा ने तीनों को पार्लियामेंट का भ्रमण भी कराया।

### सेंट लारेंस इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुर रोड, व्यासपुर में हवन यज्ञ का आयोजन


**यमुनानगर.** सेंट लारेंस इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुर रोड, व्यासपुर में राम नवमी के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान को पंडित त्रिभुवन पांडेय के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए चेयरपर्सन डॉ0 रजनी सहगल एवं चेयरमैन डॉ0 एम0 के0 सहगल के सुपुत्र नमन सहगल के विवाह उपरांत उनकी पुत्रवधू श्रीमती हर्षिता सहगल का विद्यालय में प्रथम आगमन हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। हवन के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने एक साथ प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की। विद्यालय परिसर स्थित मंदिर में विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे सत्य, अनुशासन एवं परिश्रम के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएंगे। विख्यात शिक्षाविद डॉ0 एम0 के0 सहगल ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र एवं सोच को आकार देने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट बनाना है, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अनुशासन को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तथा निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ते रहें। उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक युग में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का संतुलन ही वास्तविक सफलता की कुंजी है।

# धांधली करने वाले निर्वाचन अधिकारी की कांग्रेस करेगी शिकायत : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**राज्यसभा चुनाव**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में धांधली करने वाले निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ कांग्रेस चुनाव आयोग में शिकायत करेगी। क्योंकि उन्होंने बीजेपी के साथ मिलकर साजिश रची और कांग्रेस के 4 वोट रद्द कर दिए। हुड्डा ने मांग की कि चुनाव आयोग इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इनेलो को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में एक बार फिर साफ हो गया है कि इनेलो कभी भी बीजेपी के खिलाफ नहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि इस बार इनेलो ने वोट इसलिए नहीं किया क्योंकि उसे पता चल चुका था कि कांग्रेस की जीत निश्चित है। वोट रद्द होने और क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस के पास 28 वोट थे, जबकि बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार को सिर्फ 16 वोट मिले थे। हुड्डा ने कहा कि अगर इनेलो निर्दलीय के पक्ष में वोट भी डालती तो भी कांग्रेस की जीत पक्की थी। देश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की किल्लत पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने कई सालों तक



जनता से पेट्रोल-डीजल पर कांग्रेस शासन के मुकाबले डबल टैक्स वसूला। अब एक्साइज ड्यूटी भी इस तरह घटाई जा रही है कि उससे आम जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उल्टा ईंधन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने नायरा कंपनी द्वारा पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाने और सिलेंडर की कालाबाजारी का भी मुद्दा उठाया। देशभर में गैस की किल्लत पर हुड्डा ने सवाल किया कि अगर सरकार कह रही है कि कोई कमी नहीं है, तो जगह-जगह लोगों की लंबी लाइनें क्यों लग रही हैं? उन्होंने हरियाणा में रसोई गैस की कमी के लिए भी बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार अभी तक स्थिति को लेकर स्पष्ट नहीं हो रही है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार में कानून-व्यवस्था का पूरी तरह दिवाला निकल चुका है। पूरे देश में हरियाणा सबसे असुरक्षित राज्य है, ये खुद केंद्र सरकार का सामाजिक प्रगति सूचकांक बताता है। बैंक में हुए 590 करोड़ रुपये और पंचकूला नगर निगम में 160 करोड़ के घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने पूछा कि अभी तक यह नहीं पता चला कि घोटाला किसके हस्ताक्षर से हुआ और कौन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि पूरी जांच हो, दोषियों के नाम सामने आएं और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। धान खरीद में हुए हजारों करोड़ के घोटाले का मुद्दा उठाते हुए हुड्डा ने आरोप लगाया कि बड़े पदों पर बैठे लोग इसमें शामिल हैं, लेकिन सरकार जानबूझकर छोटे कर्मचारियों को फंसाने में लगी हुई है।

# मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की अंबाला से विशेष ट्रेन को किया रवाना

### अप्रैल के अंत में हजूर साहिब के लिए भी विशेष ट्रेन चलाई जाएगी

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगले महीने अप्रैल के आखरी सप्ताह में श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा (नांदेड़, महाराष्ट्र) के लिए तीर्थ यात्रियों हेतु विशेष ट्रेन जाएगी।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक और भावुक क्षण है। भगवान श्रीकृष्ण की इस पावन धरा से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि, अयोध्या धाम के लिए इस विशेष तीर्थ ट्रेन को रवाना कर रहे हैं, तो उनको बड़े गर्व और गौरव का अनुभव हो रहा है। उन्होंने यात्रियों को बधाई देते हुए कहा कि अयोध्या में बना भगवान श्रीराम जी का दिव्य, भव्य एवं नव्य मंदिर भारत का गौरव है। हम सबके पुण्य कर्मों का ही फल है कि हम अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं और अब उनके दर्शन के लिए जाने का सौभाग्य मिला है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अयोध्या की यह यात्रा केवल एक भौतिक सफर नहीं है, यह एक आध्यात्मिक परिवर्तन की यात्रा है। जब आप सरयू नदी के तट पर खड़े होंगे, जब आप हनुमानगढ़ी के दर्शन करेंगे और जब आप उस भव्य राम मंदिर की दहलीज को छुएंगे, तो आपको उस ऊर्जा का अनुभव होगा जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनाया था। हरियाणा सरकार ने तीर्थ यात्रा के लिए रेलवे के साथ अनुबंध किया है। उसके बाद आज पहली ट्रेन से सात जिलों के 700 बुजुर्गों को भेजा जा रहा है। इस यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए ट्रेन में खान-पान और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए वे रेलवे विभाग के अधिकारियों का भी धन्यवाद करते हैं जिन्होंने विशेष प्रबंधों को सुनिश्चित किया ताकि हमारे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश के बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के श्रद्धालु, धन के अभाव में तीर्थ यात्रा से वंचित न रहें। इसी उद्देश्य से सरकार ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की है। आज की यह ट्रेन उसी वादे और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कैथल, करनाल, अम्बाला और जींद से बसों के माध्यम से अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करवाए थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या जैसे तीर्थ भारतीय संस्कृति के जीवन की ऊर्जा के स्रोत हैं। भारतीय सभ्यता की पालक रही मां सिंधु नदी के दर्शन के लिए भी 'स्वर्ण जयंती सिन्धु दर्शन' योजना चलाई जा रही है। इसके तहत 10 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री (अधिकतम 50 यात्रियों तक) वार्षिक वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है। इसी प्रकार, 'कैलाश मानसरोवर यात्रा' योजना के तहत 50 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री (अधिकतम 50 यात्रियों तक) वार्षिक वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा (नांदेड), श्री ननकाना साहिब, श्री हेमकुण्ड साहिब और श्री पटना साहिब जाने वाले प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को 6 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल , सूचना , जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग ,मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री विवेक कालिया समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर में दूसरे दिन करवाया व्यायाम

**कैथल.** ओएसडीएवी विद्यालय में पांच दिवसीय आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत सर्वांग सुंदर व्यायाम से हुई जिसमें कुलदीप ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के व्यायाम कराए और तन की सुदृढ़ता के लाभ समझाए। विद्यार्थियों ने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान को उत्साहपूर्वक किया और अपनी शारीरिक शक्ति को बढ़ाया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अग्निहोत्र यज्ञ किया। इस दौरान उन्होंने संतुलित आहार के महत्व को समझा और अपने दैनिक आहार में पौष्टिकता बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा को सुसज्जित कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि ने कक्षा का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। बौद्धिक सत्र में रीतू अरोड़ा ने विद्यार्थियों को ध्यान एवं सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में बताया कि ध्यान करने से मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है। ध्यान से तनाव चिंता और कई रोगों में लाभ मिलता है। इसके उपरांत विद्यार्थी भजन प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गए। इसके बाद भजन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शाम को पुनः विद्यार्थियों ने शारीरिक अभ्यास किया जिसमें डंबल एक्सरसाइज़ आदि शामिल रहीं।

## राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में छाए आईजी स्कूल के छात्र

**कैथल.** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र यतिन गिल एवं शिव कश्यप ने नोएडा में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य और विद्यालय दोनों का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय के अध्यक्ष जेबी खुरानिया एवं प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता ने दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों



को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही खेल विभाग के समर्पित अध्यापकों रा जेश कुमार, प्रवीण श्योकंद, रानी देवी, राजविंदर कौर के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों की भी सराहना की गई।

## हरियाणा अब सुरक्षित नहीं रहा, अपराधियों की शरणगाह बनी यह धरती

### सरे आम गोलियां चलाकर धमकाने, करोड़ों की फिरौती बसूलने की घटनाएं बढ़ीं

**करनाल.** पिछले सालों में बढ़ते अपराध और संगठित अपराधियों द्वारा करनाल के अमीर औश्र व्यवसाइयों को धमकी देकर उन्होंने करोडों रुपयों की फिरौती देने की घटनाओं के कारण अब देसां मा देश हरियाणा असुरक्षित होता जा रहा हैं।

पंजाब उत्तप्रदेश और हिमाचल प्रदेश में अपराधियों पर वहां की सरकार द्वारा शिकंजा कसने के बाद वहां के अपराधी हरियाणा को अपने लिए सुरक्षित स्थली समझने लगे हैं। पिछले दो दशक पहले हरियाणा को अपराध मुक्त प्रदेश मानाजाता था। उत्तरप्रेदश और पंजाब से व्यापारी हरियाणा की सीमा तक सुरक्षा के बीच आते थे यहां पर राम राज था यहां अपराध ना के बराबर था। हरियाणा में करनाल यमुननगर, कुरुक्षेत्र और अंबाला को हरियाणा में सबसे शांत माना जाता था।

हरियाणा में पिछले दस सालों में गुरुग्राम सोनीपत करनाल पानीपत में व्यपारियों उद्योगपतियों दुकानदारों को धमकी दे कर उन से फिरौती मांगने की घटनाओं में बृद्धि हुई हैं। अकेले करनाल में एक मोबाइन के दुाकनदार, एक उद्योगगपति एक ज्यूलर एके मिलर सहित दर्जन से अधिक लोगों को धमकियां मिलीं। इनमें से कुछ के प्रतिष्ठान या घर के बाहर बदमाशों ने फायरगिं की। हद तो तब हो गई जब करनाल में की एक पाश कालोनी में एक सिनै प्रोड्यूसर के प्रतिष्ठान के बाहर तावड़ तोड़ गोलियां चलाई और सोशल मीडिया पर धमाकया। लेकिन कार्रवाई के नाम पर जीरो। अभी तक व्यपारियों के परिवार दहशत में जी रहे हैं।

कुछ ने तो पुलिस को सूचित नहीं किया। फिरौती चुपचाप देकर आ गए। अमरीका कनाडा यूके में बैठ कर हरियाणा के धन कुबेरों को धमका रहे हैं। करनाल से कुछ लोग तो यूरोप में पलायन कर गए हैं। कुछ लाइन में हैं। गुरुग्राम और फरीदाबाद को अब निवेशक सुरक्षित नहीं मानते हैं। बीस साल पहले हरियाणा को निवेश उद्योग व्यापार के लिए स्वर्ग मानते थे। लेकिन आज यह अपराधियों की शरणगाह बन गया है।पिछले दिनों पंजाब सरकार ने धमकी देकर फिरौती लेने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। कुछ घंटों में हजारों अपराधियों को उनकी जगह पहुंचा दिया। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने अअपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया आज यूपी अपराधियों के लिए कब्रगाह बन गया है। वहां के लोग खुद को सुरक्षित मानते है। हरियाणा की सरकार अपराधियों के आगे घुटने टेक चुकी हैं। यहां सरकार का डर अब समाप्त हो चला हैं।

## सैकड़ों ध्वजों, झांकियों व बैंड-बाजे के साथ धूमधाम से निकली रामनवमी शोभा यात्रा, श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**हिसार.** श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत देवी भवन के गोयनका सदन में प्रातः हवन के उपरांत भव्य रामनवमी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज के सान्निध्य में शोभा यात्रा हिसार की मोहना मंडी से शुरू हुई और विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस यहीं पहुंची। देवी भवन स्थित गोयनका सदन में सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में भारत माता, कालभैरव स्वरूप में भगवान शंकर, सृष्टि रचयिता ब्रह्मा, भगवान विष्णु-लक्ष्मी व माता दुर्गा की झांकी देखने लायक रही। चारों भाइयों श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इनके साथ ही प्रथम पूज्य श्रीगणेश, श्रीरामलला का स्वरूप, श्रीराधा-कृष्ण व नृत्य करते हनुमान जी की झांकी ने शहरवासियों का मन मोह लिया। झांकियों के साथ ही सैकड़ों श्रद्धालु हाथ में हनुमान जी की ध्वजा थामे हुए बैंड-बाजे के साथ आगे बढ़े। विभिन्न स्थानों पर प्रसाद, पुष्पों व इत्र के साथ शोभा यात्रा का स्वागत हुआ और पूरा शहर जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा। कटला रामलीला की भव्य रामनवमी शोभा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक प्रभु श्रीराम की शिक्षाओं को पहुंचाकर कटला रामलीला अनुकरणीय कार्य कर रही है। नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा का सफलतापूर्वक आयोजन के लिए श्री रामलीला कमेटी कटला के समस्त पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर बजरंग दास गर्ग ने कहा कि प्रभु श्रीराम के जीवन से हमें मर्यादा, धर्म, त्याग, धैर्य व सहनशीलता को अपनाने की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर घर-परिवार में सामंजस्य स्थापित करते हुए खुशहाल व आनंदमय जीवन व्यतीत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने विषम परिस्थितियों में धर्म के मार्ग पर चलने, माता-पिता की आज्ञा को शिरोधार्य मानने, परिवार के प्रति प्रेम बनाए रखने और सभी को साथ लेकर चलने का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। शोभा यात्रा में शिव कुमार गोयल, रमेश जिंदल, नारायण दास बंसल, पवन असरावा, अंजनी गर्ग, मांगेराम रावलवासिया, रमेश जिंदल, दिनेश बिंदल, मोहित गुप्ता, डॉ. हरीश शर्मा, विनोद जैन, अशोक गुप्ता, सुशील बुड़ाकिया, संदीप गुप्ता व दीपक गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल व सह सचिव राजकुमार जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश जैन, प्रवीन सिंगल व चंद्रभान सोनी ने अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया। श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा निकाली गई भव्य रामनवमी शोभा यात्रा से पूरा शहर राममय हो गया। लहराते हुए सैकड़ों भगवा ध्वज और श्रीराम के जयकारों से पूरा माहौल आध्यात्मिक बन गया। शोभा यात्रा हिसार के मोहना मंडी, पुरानी मंडी रोड, पारिजात चौक, लाजपतराय चौक, गुरुद्वारा रोड, तिलक बाजार, गुलाब सिंह चौक, वकीलान बाजार, मोती बाजार, गांधी चौक, दिल्ली गेट, आर्य बाजार, राम चाट भंडार, राजगुरु मार्केट व नागोरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से होते हुए वापस मोहना मंडी पहुंची।शोभा यात्रा वापस पहुंचने के उपरांत देवी भवन के गोयनका सदन में सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की समुचित व्यवस्था रही।

श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने बाली वध, सुंदर कांड, युद्ध प्रसंग, रावण वध व श्रीराम के अयोध्या लौटने के प्रसंग से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने श्रीराम के राज्याभिषेक का वृतांत सुनाकर अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर श्रीराम राज्याभिषेक की झांकी देखकर श्रद्धालुओं ने नाचते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। श्रीराम कथा के दौरान भावेश कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भगवान के प्रति जो भी अर्पित करें वह पूरे भाव से अर्पित करें, आपकी भेंट अवश्य स्वीकार की जाएगी और भगवान की अनुकंपा भी अवश्य होगी।

## सेवा, समर्पण, राष्ट्रहित और संस्कारों के साथ संगठन को करें मजबूतः गुर्जर

**कैथल.** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत ढांड मंडल में राधा कृष्ण धर्मशाला में एक प्रभावशाली दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय भाजपा का इतिहास एवं विकास रहा, जिस पर हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने अपना विस्तृत और प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने की। शिविर में पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला एवं कार्यकर्ताओं ने अशोक गुर्जर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अशोक गुर्जर ने दीप प्रज्जलन कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शिविर में भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के सफर को विस्तार से समझाते हुए कहा कि किस प्रकार दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर आधारित विचारधारा ने पार्टी को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल्यों, सिद्धांतों और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। अशोक गुर्जर ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं के उत्साह, अनुशासन और संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं और उन्हें संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। अशोक गुर्जर ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सेवा, समर्पण और संस्कारों के साथ राष्ट्रहित में कार्य करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। यह प्रशिक्षण महाअभियान न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस मौके पर भाजपा नेता कृष श्योकंद जाजनपुर, महाबीर धेरडू पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकारा, हर्ष सेठी, निधि मोहन, रमेश कौल, सतबीर गिल, ईश्वर ढांड, जय सिंह सोलूमाजरा, प्रेम खेड़ी रायवारली, सूरजभान बंदराना, सुरेश बबली मटरवाखेड़ी, धर्मेंद्र वाल्मीकि ढांड सहित भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


# बिना दवा लिए कोलेस्ट्रॉल को कर सकते हैं संतुलित



आज की आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधि काफी कम हो गई है, क्योंकि ज्यादातर लोग दिनभर एक ही जगह बैठकर काम करते हैं। इस वजह से शरीर धीरे-धीरे कई बीमारियों की चपेट में आने लगता है। खासकर बढ़ता हुआ कोलेस्ट्रॉल आज एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। 30 की उम्र के बाद युवाओं में लिवर से जुड़ी दिक्कतें और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। आमतौर पर डॉक्टर इसके लिए दवाएं देते हैं, जो खून को पतला करने में मदद करती हैं। आयुर्वेद में भी इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए कई प्राकृतिक और प्रभावी उपाय बताए गए हैं, जो बिना ज्यादा दवाओं के भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं। बढ़ता कोलेस्ट्रॉल शरीर में कई बीमारियों को न्योता देता है। इससे स्ट्रोक और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर सामान्यत: कम ही लक्षण दिखाई देते हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर पलकों पर धब्बे होना, सीने में दर्द, सांस लेने में भारीपन, ज्यादा थकान होना और पैरों में ऐंठन की समस्या बढ़ जाती है। वहीं आयुर्वेद में शुरुआती स्टेज में कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए कई उपाय बताए गए हैं, जिन्हें दिनचर्या में शामिल कर बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

सुबह की शुरुआत मेथी के पानी से करें। रात को मेथी के दानों को पानी में भिगो दें और उसमें एक कली लहसुन की भी डाल दें। इस पानी को छानकर पीने से रक्त में जमा कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे कम होने लगता है और कोलेस्ट्रॉल बनाने की प्रक्रिया भी धीमी हो जाती है। अगर चाहें तो सुबह लहसुन को भूनकर भी खाया जा सकता है।

नाश्ते में ओट्स का सेवन भी लाभकारी रहेगा। कोलेस्ट्रोल को कम करने ओट्स में मौजूद बीटा-ग्लूकन और अलसी का ओमेगा-3 लाभकारी साबित होता है। यह दिल पर पड़ने वाले दबाव को भी कम करता है और खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में मदद करता है। आहार में राजमा और दालों को शामिल करें। राजमा में प्लांट प्रोटीन और फाइबर मौजूद होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को रोकते हैं और दिल के कार्य करने की क्षमता को भी बढ़ाते हैं। इसके साथ ही आहार में से रिफाइंड तेल का त्याग करें। यह कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है।





## आज मैं जहां हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।''

बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।''

उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया। इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''



## करण जौहर के 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में नजर आएंगी मल्लिका शेरावत!

'बिग बॉस', 'द 50', 'द सोसाइटी' जैसे रियलिटी शोज के बाद अब करण जौहर का 'द ट्रेटर्स सीजन 2' भी आने वाला है। जिसका ऐलान हाल ही में प्राइम वीडियो के एक इवेंट में किया गया था। इसकी शूटिंग इस समय राजस्थान के जैसलमेर में चल रही है, जिसके कंटेस्टेंट्स की लिस्ट ने ध्यान खींचा है। बताया जा रहा है कि इस शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत नजर आएंगी। इस बात की पुष्टि भी अब हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत 'द ट्रेटर्स सीजन 2' की शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच गई हैं। उनका पिछले एक महीने से नाम सामने आ रहा था कि वह इसका हिस्सा बनेंगी और इन अटकलों पर अब फुल स्टॉप लग गया है। हालांकि एक्ट्रेस की तरफ से न तो इस बात की पुष्टि की गई है और न ही खंडन किया गया।

### द ट्रेटर्स सीजन 2 की शूटिंग शुरू


'द ट्रेटर्स' के पहले सीजन की तरह इस बार भी शूटिंग आलीशान सूर्यगढ़ पैलेस में हो रही है। यहां हाई-प्रोफाइल इवेंट्स होते हैं। जनवरी, 2023 में




किराया आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी यहीं पर हुई थी। इसका पहला सीजना प्राइम वीडियो पर ही स्ट्रीम हुआ था और दूसरा भी यहीं आएगा। पहले उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने इसे जीता था। और करण ने होस्ट किया था।

### मल्लिका की फिल्में

मल्लिका शेरावत लंबे समय से विदेश में रह रही हैं। उन्हे आखिरी बार 2024 में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था। उन्हें 'मर्डर' से पॉप्युलैरिटी मिली थी। इसके बाद उन्होंने अन्य हिंदी फिल्मों में भी काम करके अपनी पहचान बनाई थी। वह ब्रूनो मार्स के साथ 'व्हाटा मैन' के म्यूजिक वीडियो में भी दिखी थीं।



## मणिरत्नम की फिल्म में नजर आएंगे विजय सेतुपति, मुख्य अभिनेत्री के तौर पर होगी साई पल्लवी

**साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं। विजय जल्द ही मशहूर निर्देशक मणिरत्नम की अगली फिल्म में काम शुरू करने वाले हैं।**

यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। इसमें विजय के साथ साई पल्लवी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। विजय की मणिरत्नम के साथ यह दूसरी फिल्म है। इस फिल्म से पहले वह मणिरत्नम के साथ 2018 में फिल्म 'चेक्का चिवंथा वानम' नाम की फिल्म में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ बिल्कुल अलग और नया करने जा रहे हैं।

### कब शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग इस साल गर्मियों में शुरू हो सकती है। इस फिल्म के म्यूजिक के लिए प्रतिभा साई अभ्यंकर से बात चल रही है। फिल्म को मद्रास टॉकीज और लाइका प्रोडक्शंस मिलकर बना रहे हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। विजय सेतुपति की आने वाली तमिल फिल्म 'अरसन' है। इसमें सिलंबरासन मुख्य भूमिका में हैं। यह एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा है, जिसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर दे रहे हैं। पहले अफवाहें थीं कि व्यस्तता के कारण विजय इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए, लेकिन अब विजय ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है।

### पॉकेट नॉवेल में नजर आएंगे विजय

विजय सेतुपति निर्देशक थियागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में काम कर रहे हैं। इसमें मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में किशोर भी महत्वपूर्ण किरदार में होंगे। इसकी पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। इसका संगीत इलैयाराजा का है।



## 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' के बाद करण जौहर के साथ काम करेंगे ताहा शाह बदुशा

यूएई में जन्मे बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा अब बहुत प्रसिद्ध हो गए हैं। उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी' में नवाब ताजदार का रोल निभाकर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। 'हीरामंडी' में उनके किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। अब वह जल्द ही करण जौहर की एक सीरीज में नजर आने वाले हैं। वैरायटी की एक खबर के अनुसार, अब ताहा शाह बदुशा करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन की नई सीरीज 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज करण जौहर की पुरानी फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' पर आधारित हो सकती है। उस फिल्म में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा और अभिषेक बच्चन थे। नई सीरीज में ताहा शाह बदुशा के साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और निकिता दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे।





## फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन राणे

हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है।

### कितना वजह है बढ़ाना

हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है। अभी उनका वजन 90 किलो है, यानी सिर्फ 2 किलो और बढ़ाना बाकी है।

### कब रिलीज होगी 'फोर्स 3'

6 मार्च को 'फोर्स 3' की शूटिंग गुजरात में शुरू हुई। टीम ने पूजा समारोह के साथ काम की शुरुआत की। फिल्म में जॉन अब्राहम (एसीपी यशवर्धन), हर्षवर्धन राणे और तान्या मानिकतला मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसे भव धूलिया निर्देशित कर रहे हैं। यह फोर्स सीरीज की तीसरी फिल्म है और 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com